# कोलोनोस्कोपी रोगी सूचना

## कोलोनोस्कोपी क्या होती है?

कोलोनोस्कोपी एक प्रक्रिया है जो डॉक्टर को आपके विशाल बाउल (कोलोन) की लाइनिंग को सीधेतौर पर देखने और वृद्धि (पॉलीपस) को हटाने की अनुमाति देती है। कोलोनोस्कोपी में प्रायः हल्की प्रशमन की जरूरत होती है और इस प्रक्रिया से प्रायः हल्का या कोई दर्द नहीं होता। कोलोनोस्कोपी करने के कारणों में शामिल हैं: बिना लक्षणों वाले रोगियों में कोलोन कैंसर के लिए स्क्रिनिंग, बाउल लक्षणों (दर्द होना, रक्त बहना, बाउल में बदलाव, भार कम होना, पोजिटिव फेकल ऑकल्ट ब्लड टेस्ट) की जांच, एनीमिया, प्रज्वलनकारी बाउल बीमारियों के रोगियों के बारे में जानकारी हासिल करना, पिछली पॉलिपस या बाउल कैंसर।

## कोलोनोस्कोपी कैसे की जाती है?

कोलोनोस्कोपी करते समय बड़ी आंत में एक लचकदार नली प्रवेश करायी जाती है और कोलोन की लाइनिंग की जांच की जाती है। स्कोप के छोर पर एक छोटा कैमरा लगा होता है जोकि मॉनीटर पर चित्र दिखलाता है। डॉक्टर इन चित्रों के माध्यम से ही कोलोन के भीतर का देख पाते हैं। जैसे ही डॉक्टर कोलोन पर लचकदार नली को आगे बढ़ाते हैं, वे पॉलीपस स्पोट को देखने में समर्थ होते हैं तथा नली द्वारा ले जायी गईं डिवाइस के माध्यम से इन स्पोट को हटा देते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान आप सुविधाजनक रहें इस बात को ध्यान में रखते हुए आपको प्रशमन दी जाती है।

## आपका प्रारम्भिक मूल्यांकन

आपके प्रारम्भिक निर्णय लेने के दौरान आपका डॉक्टर आपके पारिवारिक इतिहास पर जानकारी लेता है। ये प्रश्न आपके जोखिम स्तर और उपर्युक्त स्क्रीनिंग टेस्ट का निर्धारण करने में मदद करते हैं। आपको इन सूचनाओं को देने के लिए तैयार रहना चाहिए और आपके डॉक्टर को मालुम होना चाहिए अगर आपः

- ☐ कोई दवा ले रहे हैं, जिसमें दर्द निवारण, ब्लड थिनर तथा एंटीकोआगुलेंटस शामिल हैं।
- ☐ अनियन्त्रित रूप से रक्त बहता है
- ☐ किसी दवा या अन्य ठोस या तरल पदार्थ से एलर्जी होती है
- ☐ कोई ऐसी मेडिकल स्थिति है जिस पर कोलोनोस्कोपी से पहले और बाद में विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।

अगर इस मुलाकात के दौरान ऐसा कुछ है जो आप समझ नहीं पा रहे हैं, तो और जानकारी के लिए जरूर पूछें।

## प्रक्रिया से पहले

कोलोन पूरी तरह से साफ होना चाहिए। यह आवश्यक है कि बाउल्स को साफ करने के निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन किया जाए। अगर आपका कोलोन ठीक ढंग से साफ नहीं होता है, तो इस जांच को दुबारा किये जाने की जरूरत हो सकती है। तैयारी के पूरे विवरण संबंधी एक अलग प्रति आपको प्रदान की जायेगी।
अपने नियत समय की पुष्टि के लिए कृपया प्रक्रिया के कम से कम तीन दिन पहले हमारे कार्यालय पर 416.321.3883 पर कॉल करें।

## प्रक्रिया के समय

आपको सुलाने के लिए, दर्द कम करने और असुविधा से बचाने के लिए आपको दवाईयां दी जायेंगी। मुख्य उद्देश्य पॉलिपस के लिए कोलोन की सुरक्षित ढंग से जांच करना है। अगर पॉलिपस पाये जाते हैं, और कोलोनोस्कोप के साथ इलाज के लिए उपयुक्त हैं, तो उन्हें हटाया जायेगा और मूल्यांकन के लिए प्रयोगशाला में भेजा जायेगा। इसके अतिरिक्त, अगर अन्य असामान्यताएं देखी जाती हैं, तो उस क्षेत्र की बायोप्सी की जायेगी। इस प्रक्रिया को पूरा होने में 10–30 मिनट लगते हैं।

## प्रक्रिया के बाद

रिकवरी क्षेत्र में दवाओं के प्रभाव के खत्म होने के बाद तक आपकी देखभाल की जायेगी। इस समय, आपका डॉक्टर आपकी कोलोनोस्कोपी के परिणाम के बारे में आपको जानकारी देगा। साथ ही कुछ अन्य जानकारी जिन्हें आपको जानने की जरूरत हैं, भी दी जायेंगी।

आप कब खाना–पीना शुरू कर सकते हैं तथा आप अपनी सामांय दिनचर्या में कब वापिस लौट सकते हैं, के बारे में भी आपको जानकारी दी जायेगी।

आपको किसी जिम्मेदार व्यक्ति के साथ ही घर लौटना चाहिए। उस बाकी के दिन आप कोई वाहन नहीं चला सकते और न ही आप किसी मशीन पर काम कर सकते हैं। आपको यह भी सलाह दी जाती है कि उस बाकी के दिन आप कोई महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करें।

प्रयोगशाला परिणामों पर चर्चा करने के लिए आपकी मुलाकात के लिए समय निर्धारित किया जायेगा। परिणाम इस प्रक्रिया के प्रायः दो हफ्ते बाद प्राप्त हो जाते हैं।

## कोलोनोस्कोपी के क्या जोखिम हैं?

दर्दः यह प्रक्रिया के दौरान और बाद में हो सकता है। यह बाउल के खिंचने और प्रक्रिया के दौरान वायु की वृद्धि के कारण होता है। दर्द सिर्फ थोड़े समय के लिए ही होता है।

छिद्रण (बाउल में छेद होना) : कोलोनोस्कोपी स्क्रिनिंग के लिए यह जोखिम औसतन 5000 में से 1 है लेकिन अगर पॉलिपस को हटा दिया जाता है तो यह बढ़कर 1000 में से 1 हो जाता है। अगर ऐसा होता है, तो एक ऑपरेशन करवाने की जरूरत पड़ती है जिसमें कई दिन अस्पताल में रहना भी शामिल है।

रक्त बहनाः अगर पॉलिपस हटाया जाता है या बायोप्सी ली जाती है तो कभी–कभी (5000 में से 1) रक्त बहता है। अगर रक्त बहना नियंत्रित नहीं होता, तो रक्त चढ़ाना जरूरी हो जाता है, और कभी–कभी सर्जरी भी करनी पड़ जाती है।

हृदय गति रूकना और मृत्यु होनाः इस स्थिति के बहुत की कम (100,000 में से 1) अवसर होते हैं। क्लीनिक के कर्मचारी इस बहुत ही कम होने वाली समस्या से निपटने के लिए प्रशिक्षित हैं।

दवा की रियेक्शनः कभी–कभी रोगियों को प्रक्रिया के दौरान दी जाने वाली दवाओं से रियेक्शन हो जाती है। इस जोखिम को कम करने के लिए आपको डॉक्टर और नर्स को दवाओं से होने वाली रियेक्शन के बारे में जानकारी दे देनी चाहिए।

## विकल्प क्या–क्या हैं?

बेरियम इनेमा (एक्स–रे): इस जांच में एक विशेष तरल पदार्थ (बेरियम) आपके कोलोन में प्रवेश कराना शामिल है जो एक्स–रे में दिखलाई पड़ता है। यह 1.5 सेमी. से कम आकार में 25 प्रतिशत कम उपस्थित होता है।

लचकदार सिगमोइडोस्कोपीः पर्याप्त स्क्रिनिंग के लिए बेरियम इनेमा के साथ संयुक्त होना चाहिए। यह कोलोनोस्कोपी से कम विश्वसनीय है।

वर्चअुल कोलोनोस्कोपीः स्क्रिनिंग का यह रूप आपके कोलोन का चित्र उत्पन्न करने के लिए कम्पयुटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्केन का उपयोग करता है।

## हम कौन हैं?

जीटीए एंड्रोस्कोपी सर्विसेज इंक. एंड्रोस्कोपिक तकनीकियों में विशेषज्ञ और अनुभवी कर्मचारियों को प्रदान करता है। जीटीए की स्थापना स्कारबोरोघ और पश्चिमी दुरहम क्षेत्र के कोलोन स्क्रिनिंग और एंड्रोस्कोपिक प्रक्रियाओं की जरूरत के लोगों को कम समय में सहायता पहुंचाने के लिए स्थापित किया गया था।

स्टाफ मुख्यतौर पर डॉक्टर, रूज़ वैली सेंटेनरी होस्पिटल से सम्बद्ध डॉक्टरों के स्टाफ से युक्त हम स्क्रीनिंग और इलाज मुहैया कराते हैं। सर्जनों की हमारी टीम आपको नवीनतम सुविधा मुहैया करा सकती है जिसमें, जरूरत पड़ने पर, कोलोन कैंसर के इलाज के लिए न्यूनतम जोखिम पर सर्जरी करना शामिल है।

अपनी एंड्रोस्कोपी के लिए जीटीए का चयन कीजिए। आपकी पहली फोन कॉल से लेकर क्लीनिक में मिलने वाली देखभाल, जीटीए स्टाफ की आपकी जरूरतों के लिए फोकस होना आदि से आप अपने आप ही अपने में अंतर महूसस करेंगे।

दिशा :

- ☐ मारखम मार्ग से एचडव्ल्यूवाई 401
- ☐ मिलनर एवन्यू से मारखम मार्ग उत्तर की ओर
- ☐ मिलनर एवन्यू से उत्तर की ओर
- ☐ इमारत मारखम और मिलनर के कोने पर स्थित है
- ☐ पताः 305 मिलनर एवन्यू, सूट 920, स्कारबोरोघ, ऑन
- ☐ फोनः 416.321.3883

पार्किंग की व्यवस्था इमारत के पास में ही है। पार्किंग सिर्फ पहले घण्टे के लिए निशुल्क है।

इस प्रक्रिया को सुरक्षित और आरामदायक तरीके से किये जाने के लिए सभी रोगियों को पर्याप्त समय दिया जाता है। कुल मिलाकर इस प्रक्रिया में 2–3 घण्टे लगते हैं। इस बात के पूरी कोशिश की जाती है कि आपकी प्रक्रिया आपको दिए गये निश्चित समय पर ही की जाये फिर भी सभी मेडिकल प्रक्रियाओं में कुछ देर हो सकती है। कृपया धैर्य बनाए रखें।